हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 9 अक्तूबर 2023, समय 1305 (5 मिनट))

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यमुनानगर के प्लाईवुड फैक्टरियों के संचालकों की मांग को पूरा करते हुए लक्कड़ की खरीद पर लगने वाले 2 प्रतिशत मंडी शुल्क को घटाकर 1 प्रतिशत कर दिया है। इससे प्लाईवुड फैक्टरियों के संचालकों को प्रति वर्ष 8 करोड़ रुपये से ज्यादा का लाभ होगा। कोरोना काल के बाद बोर्ड व्यापारी व्यापार में मंदी की शिकायत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री कल यमुनानगर के दशहरा मैदान में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसी पुरानी कालोनी जिसका कुछ क्षेत्र वैध हो गया था और कुछ क्षेत्र अवैध रह गया है, ऐसी कालोनियों का सर्वेक्षण करवाया जाएगा और 4-5 महीने में ऐसी कॉलोनियों के क्षेत्र को भी वैध किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे परिवार, जिनका व्यवसाय के हिसाब से बिजली का बिल ज्यादा आता है, उन परिवारों का सर्वेक्षण करवाया जाएगा और सर्वेक्षण के हिसाब से जो भी सुविधा संभव होगी इन परिवारों को दी जाएगी। ऐसे परिवारों में ऑटो चालकों, धोबी व प्रेस करने वालो के अलावा नाई, बढ़ाई का काम करने वाले परिवारों को भी जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे परिवार के बिजली के बिल के 12 हजार प्रति माह के खंड को हटा दिया है।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उत्तराखंड के नैनीताल में हरियाणा के यात्रियों से भरी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 7 लोगों की मृत्यु एवं बड़ी गिनती में लोगों के घायल होने पर दुख व्यक्त किया है।

एक ट्वीट में हादये संबंधी समाचार को अत्यंत दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनायें व्यक्त की है और

भगवान से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की है।

उल्लेखनीय है कि कल देर रात नैनीताल जिले के मंगोली घटकड गांव के पास 31 यात्रियों को नैनीताल से हिसार ले जा रही एक बस खाई में गिर गई जिससे 7 लोगों की मृत्यु हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। बस यात्री हरियाणा के हिसार जिले के स्कूली शिक्षक थे।

नैनीताल की जिला अधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि घायेलो को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

....

कैथल पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 किलो 400 ग्राम डोडापोस्त बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि आरापियों को गांव दाबा के क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, उनकी पहचान रत्ताखेड़ा निवासी सेवा सिंह और पंजाब के समाना के गांव जहां पत्ती निवासी गरविंद सिंह के तौर पर हुई है।

आरोपियों के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया है।

....

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला में हवाई अड्डे का शिलान्यास मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा 15 अक्तूबर को प्रथम नवरात्रि पर किया जाएगा।

गृह मंत्री अनिल विज अंबाला में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन घरेलु हवाई अड्डे के शिलान्यास समारोह की तैयारियों को लेकर किया गया था।

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि हवाई अड्डा शुरू होने से अम्बाला का विकास होगा और क्षेत्र में होटल एवं अन्य उद्योग खुलेंगे। उन्होंने बताया कि 133

करोड़ रुपए की लागत से हवाई अड्डे के लिए 20 एकड़ जमीन ली गई और अब सिविल एन्कलेव बनाने के टेंडर भी हो चुके हैं।

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि दूसरी पार्टियों की सरकार ने अम्बाला छावनी में 70 सालों में कोई विकास कार्य नहीं करवाएं। आज यह विपक्षी पार्टियां विकास की बात नहीं कर बल्कि उकसाने का काम करती है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज उनके आवास पर अम्बाला में रिंग रोड के आसपास "हाईब्रिड इलेक्ट्रिक फ्लाइंग कार" की फैक्ट्री स्थापित करने का प्रस्ताव विनाटा एयरोमोबिलिटी के संस्थापक व मुख्यकार्यकारी अधिकारी योगेश रामानाथन ने रखा है। उन्होंने इसपर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

वहीं ऐशियाई खेलों में भारत द्वारा 100 से अधिक पदक जीतने पर श्री विज ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा का असर है वह खिलाड़ियों को सम्मान देते हैं और प्रोत्साहित करते हैं।

....

आकाशवाणी चंडीगढ़ के समाचार सेवा प्रभाग द्वारा "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के तहत अमृतकाल में शुरू की गई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आज का प्रश्न है:- किस महिला स्वतंत्रता सेनानी ने लखनऊ में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया?
प्रश्न एक बार फिर से सुन लें:- किस महिला स्वतंत्रता सेनानी ने लखनऊ में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया?

अपने उत्तर newsairchd@gmail.com पर तुरंत मेल करें।

कल पूछे गए प्रश्न का उत्तर है:- स्वतंत्रता सेनानी रामप्रसाद बिस्मिल का असली नाम राम प्रसाद सिंह तोमर था।

इस प्रश्न का सही उत्तर देने वाले हमारे विजेता हैं:- हरियाणा के फरीदाबाद से महेंद्र डागर।

....

कुरूक्षेत्र अपराध अंवेषण शाखा एक ने मोबाइल टावरों से सामान चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक चोरी की गई कार, औजार और 15 हजार रूपये की नकद राशि एवं अन्य मोबाइल टावरों से चोरी किया गया 10 लाख रूपये का सामान बरामद किया है।

आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

....